26 जुलाई 2013

जिला प्रशासन का गांव हरनौला (खण्ड सीवन) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1. कृषि विभाग द्वारा 7 किसानों को सायल हैल्थ कार्ड तथा दो किसानों को अनुदान के चैक प्रदान किए गए। इसके अलावा आवेदक किसानों को मौके पर ही अनाज की टंकियां सौंपी गई।

2. उपमंडलाधीश कार्यालय द्वारा 36 लर्नर ड्राइविंग लाईसैंस बनाए गए।

3. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 16 लोगों के नए राशन कार्ड जारी किए गए।

4. रक्तदान शिविर में 56 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

5. विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा 30 व्यक्तियों को कानूनी जानकारी दी गई।

6. जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा लर्नर ड्राईविंग लाइसैंस के लिए 36 व्यक्तियों का मैडिकल चैकअप किया गया।

7. पशुपालन विभाग द्वारा 180 पशुओं का उपचार किया गया।

9. निर्वाचन कार्यलय द्वारा गांव मे ही 13 पात्र लोगों के वोट बनाए गए।

8. जिला समाल कल्याण कार्यालय द्वारा 27 वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पैंशन फार्म स्वीकृत किए गए।

6. श्री ओमप्रकाश जिंदल ग्रामीण जन कल्याण संस्थान द्वारा 60 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाईयां वितरित की गई।

11. स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनभर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में तैनात चिकित्सकों द्वारा 143 लोगों का उपचार किया गया।

12. लीड बैंक द्वारा 80 व्यक्तियों को ऋण संबंधी जानकारी दी गई।

14. जिला प्रशासन ने गांव के 50 वर्षीय सुखविंद्र सिंह, जिनकी 9 वर्ष की आयु मे ही मशीन से दोनों हाथ कट जाने के बावजूद संघर्ष करके गांव के नंबरदार के दायित्व को निभाया, को सम्मानित किया।

15. जन स्वास्थ्य विभाग ने खराब हो चुके टयूबवैल की जगह नया टयूबवैल लगाने के निर्देश दिए।

16. ग्रामीण सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की कुश्ती का मैत्री मैच करवाया गया।